प्रादेशिक समाचार
14.08.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ ही देर बाद राष्ट्र को करेंगी संबोधित।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को करेंगे संबोधित, रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दुमका में राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार करेंगे ध्वजारोहण।

3. झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढ़ी, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 19 अक्टूबर को होगा।

4. रांची में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में छात्रों का आंदोलन 21वें दिन भी जारी, कल राजधानी में तिरंगा मार्च निकालेंगे आंदोलनरत छात्र।

5. 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रांची में खुला चयन ट्रायल 30 अगस्त को।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ ही देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का यह संबोधन शाम सात बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि समारोह स्थल पर भारतीय वायु सेना के दो एमआई–17 हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे।

*******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।
इधर, उपराजधानी दुमका में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य समारोह कल सुबह नौ बजे पुलिस लाइन मैदान में होगा, जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज दुमका स्थित राजकीय मूक–बधिर आवासीय विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी शिक्षा, सुविधाओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये बच्चे समाज के महत्वपूर्ण हिस्सेदार हैं और इन्हें समान अवसर और सहयोग का माहौल देने के लिए परिवार, समाज, विद्यालय और सरकार को मिलकर काम करना चाहिए।

*******************

रांची में आज विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पदयात्रा निकाली। व्याख्यान में पद्मश्री बलवीर दत्त ने विभाजन की त्रासदी को याद करते हुए कहा कि इससे वर्तमान और भावी पीढ़ी को सबक लेने की जरूरत है।

*******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा–आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। नोटिस और दावा–आपत्तियों का निष्पादन अब 14 अक्टूबर तक होगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 19 अक्टूबर को किया जाएगा, जबकि पहले ये तिथियां क्रमशः 4 सितंबर, 3 अक्टूबर और 7 अक्टूबर थीं। आयोग ने श्रावणी मेला, कृषि कार्य और मानसून को देखते हुए अवधि बढ़ाने का अनुरोध स्वीकार किया है और प्रक्रिया को तेज करने के लिए राज्य में 311 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

*******************

झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में विद्यार्थियों का आंदोलन आज 21वें दिन भी जारी रहा। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर आंदोलनरत छात्रों ने पुतला दहन कर विरोध जताया। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में पिछले 12 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे छात्रों की प्रशासन ने मेडिकल जांच कराई। छात्र कल राजधानी में तिरंगा मार्च निकालेंगे। उनकी मांग है कि 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। राज्य सीआईडी मामले की जांच कर रही है और अब तक पूर्व अध्यक्ष समेत 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

बाल कल्याण समिति बोकारो के प्रयास से असम से भटककर झारखंड पहुंचे दो बच्चों को उनके परिजनों से मिला दिया गया है। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष लीला देवी ने बताया कि दोनों बच्चे ट्रेन से बोकारो पहुंचे थे और भाषा की समस्या के कारण अपना पता नहीं बता पा रहे थे।
साउंड बाइट – लीला देवी, बाल कल्याण बोकारो ऑन लापता बच्चे – 25 सेकेंड

*******************

गोड्डा में ज्वेलर्स लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने लूटकांड में शामिल अन्य पहलुओं की भी जांच शुरू कर दी है।

*******************

बोकारो के दस खिलाड़ियों का चयन ताइक्वांडो के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ताइक्वांडो कोच ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 2 से 4 अक्टूबर तक मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित होगी। झारखंड के चयनित खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******************

हॉकी झारखंड 10 से 22 अक्टूबर 2026 तक राउरकेला में होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 टीम के गठन के लिए 30 अगस्त 2026 को खुला चयन ट्रायल आयोजित करेगा। यह ट्रायल रविवार सुबह 10.30 बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में होगा, जिसमें झारखंड के रहने वाले सभी पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों के पास हॉकी इंडिया आईडी कार्ड और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।

*******समाप्त*******